हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 17 जून 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया



11 पीएम मोदी और साय सरकार की योजनाओं ...





## खबर संक्षेप

### दो बाइक की भिड़ंत में चार युवक घायल

**बालोद।** रात को बाईक के माध्यम से घुम रहे दो बाईक सवार युवको को सामने से आ रही बाईक ने ठोकर मार दी जिसके कारण दोनो बाईको मे सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे आस पास के लोगो द्वारा 108 की सहायता से अस्पताल पहुंचाया जहां युवको का ईलाज जारी है। जहां दो युवक मुजगहन के व दो अन्य युवक किल्लेपारा के बताए जा रहे है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खामतराई से मुजगहन के बीच दो बाईक की टक्कर से चार लोग घायल हो गए। जिसमे ग्राम किल्लेपारा निवासी आकाश यादव को राजनांदगांव रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार मुजगहन निवासी तुशार साहू और होमन यादव के साथ पिनकापार की ओर जा रहा था। इस दौरान पिनकापार तरफ से आ रही बाईक चालक ने टक्कर मार दी। दूसरे बाईक मे सवार चालक डोमन साहू और उनके दो दोस्तो को चोट लगी है। जिन्हे सरकारी अस्पताल देवरी मे भर्ती कराए। देवरी थाने मे दोनो बाईक चालक के खिलाफ धारा 184, 125 (ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### स्कूलों में दिखा खुशी व उल्लास का माहौल



**गुण्डरदेही।** नए सत्र के शिक्षण की शुरुआत 16 जुन सोमवार को प्रथम दिवस ही स्कूल जाने में बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। लम्बी छुट्टी के बाद बच्चों को स्कूल भेजने में माता पिता का भी प्यार– दुलार नजर आया यह तस्वीर किलेपार का है, जहां एक मां अपने बच्चों को तिलक लगाकर, आरती उतारकर कर नए सत्र की शुभकामनाएं अच्छे शिक्षा ग्रहण करने का आशिर्वाद देकर घर से स्कूल के लिए विदा की।

### बच्चों को टीका लगा मिठाई खिला कर मनाया प्रवेशोत्व

**गुण्डरदेही।** नए शिक्षा सत्र को प्राथमिक व माध्यमिक शाला नहर खपरी, संकुल गोरकापार में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें कक्षा पहली ली और कक्षा 6 वीं में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल, फुल और मुंह मीठा के साथ स्वागत करते हुए गणवेश और पुस्तक वितरण करवाया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में माध्यमिक प्रधानपाठक खिलावन साहू और प्राथमिक शाला प्रधानपाठक हिंछाराम ठाकुर, गोरकापार संकुल समन्वयक बलराम मारकंडे, श्रवण पांडेय, भूषण साहू शामिल हुए। गोरकापार संकुल समन्वयक बलराम मारकंडे द्वारा बच्चों को शाला में प्रतिदिन स्कूल आने तथा माताओं को अपने बच्चे को घर में पढ़ाई में मदद करने से शेष पेज 10 पर

# एसआई के नाम पर युवती से 70 हजार की सायबर ठगी पर रिपोर्ट दर्ज विवेचना जारी

हरिभूमि न्यूज बालोद

गुण्डरदेही थाने का एसआई कहकर तथा थाने मे मामला होने तथा पूरे परिवार को इस मामले मे अंदर कर देने की धमकी देते हुए करीब 70 हजार के साईबर ठग का शिकार हुए युवती ने साईबर ठगी के तीन माह बाद लगातार साईबर ठग के कॉल से परेशान होकर थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गुण्डरदेही पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुण्डरदेही ब्लाक के एक गांव की युवती साईबर ठगी का शिकार हो गई, जहां साईबर ठग द्वारा स्वयं को गुण्डरदेही थाने का एसआई बताकर तथा गुण्डदेही थाने मे युवती के खिलाफ मामला होने की बात कहते हुए तथा पूरे परिवार को इस मामले मे जेल मे दाखिल कर देने की धमकी देते हुए तत्काल पैसे न देने पर सबको अंदर कर देने की धमकी दी, जिसके बाद उक्त युवती द्वारा अलग अलग ट्राजेक्शन मे करीब 70 हजार रूपये ट्रांसफर कर दिये। साईबर ठग द्वारा जहां पहले युवती को 70 हजार देने पर मामला खत्म कर देने का लालच दिखाया गया जिसके बहकावे मे आकर युवती ने अलग अलग ऑनलाईन ट्रांजेक्शन के माध्यम से करीब 70 हजार रूपये साईबर ठग को ऑनलाईन पैसे दे दिये। जहां युवती द्वारा साईबर ठग को करीब 70 हजार रूपये देने के बाद भी साईबर ठग शांत नही बैठा तथा लगातर युवती को फोन करके और शेष पेज 10 पर

## ठग युवती को फोन करके किया परेशान तब लिखाई रिपोर्ट

### सजग करते हैं

वही जिले मे लगातार पुलिस द्वारा साईबर ठगी से बचने के लिए लोगो को कई माध्यम से जागरूक करने का काम पुलिस द्वारा किया जाता है लेकिन शिक्षित लोग जब लगातार पुलिस द्वारा चलाए जा रहे साईबर ठग के प्रति जागरूकता अभियान से सजग नही होते तो उन्हे साईबर ठग आसानी से अपने चंगुल मे लेकर साईबर ठगी को अंजाम देते है।




### सायबर ठगी की फौरन दें जानकारी

गुण्डरदेही थाना प्रभारी मलिक शिंदे ने कहा साईबर ठगी के प्रति हम लगातार जागरूकता अभियान चलाते रहते है और अगर गलती से भी साईबर ठग का शिकार हो जाए तो तुरंत पुलिस से संपर्क करे पुलिस आपकी सहायत मे तत्पर है। वर्तमान मे आपको साईबर ठगी होने पर पुलिस थाना आने की भी जरूरत नही है आपको अपने फोन के माध्यम से 1093 पर फोन करके घर बैठे अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है। साईबर ठगी मामलो मे जितनी देरी होती है अपराधी की तलाश करना उतना ही कठिन होता है ऐसे मे कोई भी साईबर ठगी से बचकर रहे यदि साईबर ठग का शिकार हो जाते भी है तो तुरंत पुलिस से संपर्क करे ताकि पुलिस उस पर तुरंत कार्यवाही कर सके।

## अव्यवस्था : एक दृष्टिबाधित और दिव्यांग शिक्षक के भरोसे में स्कूल

# शिक्षा व्यवस्था की बदहाली पर ग्रामीण बिफरे, गिधाली स्कूल में लगाया ताला

हरिभूमि न्यूज दल्लीराजहरा/कुसुमकसा

सोमवार को आदिवासी बाहुल्य विकासखंड के अंतर्गत ग्राम गिधाली में शिक्षा व्यवस्था की बदहाली के विरोध में ग्रामीणों ने स्थानीय शासकीय प्राथमिक शाला में तालाबंदी कर दी। सैकड़ो ग्रामीणों का कहना है कि इस स्कूल को एक दृष्टिबाधित शिक्षक और एक दिव्यांग शिक्षक के भरोसे छोड़ दिया गया है, जिससे बच्चों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों का आक्रोश उस समय सामने आया जब कई महीनों से स्कूल में शिक्षण व्यवस्था ठप होने के बावजूद शिक्षा विभाग ने कोई ठोस पहल नहीं की।

ग्रामवासियों ने बताया कि विद्यालय में कुल दो ही शिक्षक पदस्थ हैं, जिनमें से एक पूर्णतः दृष्टिबाधित हैं और दूसरे शिक्षक गंभीर रूप से शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की ओर से बार-बार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात की जाती है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों शेष पेज 10 पर




### विकासखंड शिक्षा अधिकारी का बयान

मामले में विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि उन्हें घटना की जानकारी मिली है और वे टीम को मौके पर भेजकर स्थिति का जायजा लेंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## स्कूल में तालाबंदीः शिक्षकों की कमी से नाराज ग्रामीणों का विरोध



**दल्लीराजहरा।** दल्लीराजहरा शहर सहित क्षेत्र के सभी शासकीय स्कूलों में एक ओर जहां प्रदेश भर में नए शिक्षा सत्र की शुरुआत शाला प्रवेशोत्सव के उल्लास के साथ हो रही थी, वहीं दूसरी ओर दल्लीराजहरा के समीप आदिवासी अंचल में स्थित धोतिमटोला स्कूल में ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग की लचर व्यवस्था के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। शिक्षकों की भारी कमी और युक्तिकरण नीति से त्रस्त ग्रामीणों ने सोमवार को प्राथमिक शाला धोतिमटोला (आश्रित ग्राम दारूटोला) में विद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया और अपने बच्चों के साथ धरना प्रदर्शन किया। नाराज ग्रामीणों ने कहा कि जब तक गांव में पर्याप्त शिक्षक नियुक्त नहीं किए जाते, तब तक वे अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे। धरना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों का कहना है कि शेष पेज 10 पर

# व्यायाम शिक्षकों की भर्ती के लिए विधायक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज गुरूर

छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा व्यायाम प्रशिक्षित संघ द्वारा शासकीय स्कूल मे व्यायाम शिक्षको की भर्ती हेतु मांग करते हुए विधायक संगीता सिन्हा को ज्ञापन सौपा तथा इसके पक्ष मे आवाज उठाने की मांग की।

ज्ञापन मे कहा गया है कि नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत हर स्कूल मे 1 व्यायाम शिक्षक अनिवार्य किया गया है और बीते 6 सालो मे शासकीय विद्यालयो 1 भी व्यायाम शिक्षको की भर्ती नही की है जो डिग्रीधारी अभ्यार्थी के लिए मुख्य चिंता का विशय है। अभी की स्थिति मे छत्तीसगढ़ के कुछ ही स्कूलो मे व्यायाम शिक्षक कार्यरत है, जिसकी संख्या लगभग 1500 है, नई शिक्षा नीति लागू होने से पहले मार्च 2023 की स्थिति मे छत्तीसगढ़ मे 948 और 150 अति"श व्यायात शिक्षको की सीधी भर्ती हेतु पद स्वीकृत थे और नीप 2020 के अनुसार अब हर विद्यालयो मे इसकी आव"यकता अनिवार्य है। इसलिए बच्चो के सर्वागीण विकास के साथ उनके जीवन को अनुशासित और शारीरिक दक्षता बढ़ाने हेतु शासकीय विद्यालयो मे व्यायाम शिक्षको के भर्ती के मांग के लिए छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा व्यायाम प्रशिक्षित संघ का समर्थन करने मांग की गई है। वही संघ ने कहा कि स्कूल में व्यायाम से संबंधित शिक्षा देने के लिए व्यायाम शिक्षक ही इसको पढ़ाएंगे लेकिन व्यायाम शिक्षक का कोई अभी तक उल्लेख ही नहीं है। लगभग कुल 56000 शासकीय स्कूल है जिसमें शेष पेज 10 पर

# मोदी के 11 साल पर हुई संकल्प सभा और किया भाजपा भवन का लोकापर्ण

हरिभूमि न्यूज गुरूर

भाजपा मंडल पुरूर ने भारतीय जनता पाटएँ प्रदेश एवं जिला नेतृत्व पर केन्द्र सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 वर्ष पूर्ण होने पर पुलिस

- भाजपा पुरूर मंडल की ओर से 200 वरिष्ठों का गमछा एवं श्रीफल से सम्मान किया गया

थाना पुरूर के बगल सामुदायिक भवन में संकल्प सभा सह कार्यशाला के अन्तर्गत संकल्प से सिध्दि कार्यक्रम एवं नवीन बीजेपी कार्यालय का लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन हुआ।

जहां विशेष रूप से जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व सदस्य राष्ट्रीय बाल सरक्षण यशवंत जैन, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन साहू, पूर्व नपा अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जिला पंचायत सदस्य तेज राम साहू, चद्रिरका गंजीर, लक्ष्मी अशोक साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, मंडल अध्यक्ष टुकेशवर पाण्डेय, कार्यक्रम संयोजक त्रिलोकी राम साहू, कार्यक्रम सहसंयोजक महेत्तर नेताम, महामंत्री राकेश सिन्हा, यदीप साहू उपस्थित हुए। वही इस अवसर पर भाजपा पुरूर मंडल की ओर से 200 वरिष्ठों का गमछा एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। भाजपा के रितिनीति से प्रभावित हो कर भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख जी एवं वरिष्ठ नेताओं के समक्ष सरपंच बागतराई अनीता भुनेशवर साहू एवं नोमिन बरामार ने भाजपा प्रवेश कर सदस्यता ली। इस अवसर पर नरेश साहू, मीना साहू, आदित्य पिपरे, मंडल अध्यक्ष सनौद खेमलाल देवागंन, प्रहलाद साहू, सुरेन्द्र तिवारी, ललिता पीमन साहू, सत्येन्द्र साहू, होमशंकर साहू, बाबूलाल शेष पेज 10 पर




## ट्रांसफार्मर के तार ने लगा करंट, हुई बुजुर्ग की मौत

**गुरूर।** विकासखंड के ग्राम कंकालिन में सोमवार को सुबह 7 बजे 65 वर्षीय बुजुर्ग की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। जहां दोपहर के बाद गुरुर स्थित मर्च्युरी में पीएम के बाद शव को परिजनों के हवाले किया गया। घटना की सूचना पर नायब तहसीलदार शिवेंद्र सिन्हा सहित पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंचे थे, जहां पंचनामा पश्चात शव को पीएम के लिए गुरुर लाया गया। परिजनों के मुताबिक ग्राम कंकालीन निवासी 65 वषऍय मोतीराम कोवाची कावड़ के माध्यम से गोबर फेंककर वापस घर की तरफ आ रहा था, तभी ट्रांसफार्मर के पास गिरे हुए विद्युत तार की चपेट में आ गया। जानकारी के मुताबिक यहां धमतरी के एक किसान द्वारा अपनी खेत मे ट्यूबवेल कराया गया है, जिसके लिए उन्होंने लापरवाही पूर्वक विद्युत कनेक्शन लिया था, इसी विद्युत कनेक्शन की चपेट मे आने से मोतीराम कोवाची की मौत हुई है। घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। मामले में गुरुर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।



# डायरिया से बचाव के लिए जागरूकता अभियान में शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के नगपुरा को सिविल अस्पताल, नागपुरा में ब्लॉक स्तरीय स्टॉप डायरिया कैंपेन 2025 का भव्य शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कुलेश्वरी देवांगन, अध्यक्ष, जनपद पंचायत दुर्ग, की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन. एल. बंजारे ने उपस्थित आमजन को डायरिया के कारण, उसके दुष्प्रभाव, बचाव एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि डायरिया एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, लेकिन समय पर सावधानी और उपचार से इससे बचाव संभव है।

माननीय अध्यक्ष महोदया द्वारा सभी स्वास्थ्य कर्मियों को इस अभियान को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की सतत सेवा भावना की सराहना करते हुए सहयोग और सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम की शुरुआत माननीय अध्यक्ष महोदया के कर कमलों से की गई, जहां उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित 4 बच्चों को प्रतीकात्मक रूप से दो दो ओआरएस पैकेट एवं 14-14 जिंक की गोलियां प्रदान कीं। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक राजेन्द्र वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सिविल अस्पताल प्रभारी डॉ. ज्योति धुर्वे, नरेन्द्र जैन, बलबीर राजपूत (आरएमए,नागपुरा), लैब टेक्नोलॉजिस्ट गीतू देशमुख, जे.एस.ए. चोवाराम कवर, साध्वी कवर, मितानिन प्रशिक्षक शेष पेज 10 पर




## 21 छात्र पर एक शिक्षक के अनुपात को 30 पर एक किया जा रहा

# विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण के विरोध में कांग्रेस ने बीईओ कार्यालय को घेरा

हरिभूमि न्यूज गुण्डरदेही

शिक्षा न्याय आंदोलन के तहत सोमवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही के द्वारा शिक्षा विभाग में चल रहे विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण के विरोध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया गया एवं शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार कोमल धुरव को सौपा।

- मुख्यमंत्री के नाम पर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही के अध्यक्ष भोजराज साहू ने कहा कि 2009 में स्व मनमोहन सिंह सरकार द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू किया था, जिसमें अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा का अधिकार दिया गया था लेकिन छत्तीसगढ़ में वर्तमान साय सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के आड़ में ट्रांसफर उद्योग चलाया जा रहा है वर्तमान में प्राइमरी स्कूलों में 21 छात्रें के पीछे 1 शिक्षक था, इस अनुपात को बढ़ाकर 30 छात्र प्रति शिक्षक किया जा रहा है। इसी तरह मीडिल स्कूलों में 26 छात्र प्रति शिक्षक के अनुपात को बढ़ाकर 35 छात्र प्रति शिक्षक किया जा रहा है। प्राथमिक शालाओं में कुल 18 विषय होते हैं, जिसे अब नए नियम के बाद 2 ही शिक्षकों के द्वारा पढ़ाना कैसे संभव हो सकता है। वही मीडिल स्कूल में भी 18 विषय और 60 बच्चों की कुल संख्या में प्रधानपाठक और उसके साथ केवल एकमात्र शिक्षक कैसे 18 विषय पढ़ा पाएंगे। इसके अतिरिक्त मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था, डाक का जवाब और अन्य गैर शिक्षकीय कार्यों की जिम्मेदारी भी इन्हीं पर रहेगी मानसून दस्तक दे चुकी है, किसान धान बोआई शुरू कर चुके हैं, लेकिन सोसायटियो में आवश्यक खाद डीएपी एवं यूरिया की भारी किल्लत है।

ब्लाक कांग्रेस कमेटी अर्जुन्दा के अध्यक्ष ने कहा कि सरकारी शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने के लिए साय सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण का षडयंत्र रचा जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने कहा कि 10463 स्कूलों को जबरिया बंद करने से न केवल शिक्षक बल्कि उनसे संलग्न हजारों रसोइया, स्वीपर और मध्यान्ह भोजन बनाने वाली महिला स्व सहायता समूह की बहनों के समक्ष जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो गया है। बालोद जिले की बात करें तो पहले 695 शिक्षकों को अतिशेष श्रेणी में रखा गया फिर प्राथमिक शाला के 150 शिक्षकों को यथावत रख दिया गया है शेष पेज 10 पर



### राज्य में 58 हजार शिक्षकों के पद खाली

विधायक कुंवर सिंह निषाद ने राज्य के भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव में दावा किया था कि राज्य में 58 हजार शिक्षकों के पद खाली है। विधानसभा में घोषणा किया था कि 35 हजार पद भरे जाएंगे इस वर्ष बजट में भी 20 हजार शिक्षकों की भतऍ की बात कही है, लेकिन यह भर्तियां न करनी पड़े, इसलिए 45 हजार पद समाप्त किए जा रहे हैं युक्तियुक्तकरण रोजगार विरोधी, शिक्षा विरोधी कदम है नए सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों की संख्या में कटौती करके हजारों पद खत्म कर दिए हैं, जिससे शिक्षा के स्तर पर बुरा असर पड़ना निश्चित है। घेराव के पहले कांग्रेसजनों द्वारा अहमदाबाद प्लेन क्रैश हादसे में मृत 275, उत्तराखंड हेलिकॉप्टर क्रेश हादसे में मृत 7 एवं सुकमा में शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे को मौन श्रद्धांजलि दी गई। घेराव में जिला पंचायत सदस्य मीना साहू, गुलशन चंद्राकर सहित बड़ सख्या में वरिष्ठ कांग्रेसजन, ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही व अर्जुन्दा के पदाधिकारीगण, जोन अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, युवा कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मर्ज स्कूलों में रसोइया के काम को यथावत रखें




**बालोद।** छ.ग. स्कूल मध्यान भोजन रसोईया संयुक्त संघ ने मर्ज होने वाले स्कूलो के रसोईयो को उनके कार्य पर यथावत रखने और 1 जुलाई से ब्लाको के समस्त रसोईयो को कार्य करने के संबंध मे जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन मे कहा गया है कि प्रदेश मे दस हजार से ज्यादा स्कूलो को मर्ज किया जा रहा है वहां के रसोईयो को जहां पर बच्चो को शिफ्ट किया जाये और प्रदेश मे स्कूल साढ़े दस माह लगता है लेकिन रसोईयो को दस माह का मानदेय दिया जाता है, इसलिए रसोईयां संघ 1 जुलाई से स्कूल मे कार्य करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान ज्ञापन सौपने जिला अध्यक्ष नुकेश सोनवानी, जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी यादव, जिला सचिव द्वारिका प्रसाद देशमुख, जिला संरक्षक प्रमोद कुमार यादव, जिला कोशाध्यक्ष उल्फी यादव, मिडिया प्रभारी मंजूलता कुंभकार, सुलोचना निशाद, जिला सह सचिव तामे"वर सोनभद्र, सलाहकार रमेश कुमार निर्मलकर, मलखम रावटे, धन्नूलाल क"यप व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### खामियां निकालकर कर रहे अवैध वसूली

**भिलाई।** भिलाई निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने कहा है कि निगम के अधिकारी वैशालीनगर क्षेत्र में वसूली करने के लिए नोटिस भेज रहे हैं। निरन्तर किसी ना किसी निगम के अधिकारियों को राजनीतिक दबाव दे कर यहां रह रहे सम्पति करदाता को परेशान किया जा रहा है। कभी अवैध बिल्डिंग या बिल्डिंग परमिशन की खामियां बोल कर नोटिस भेज कर अवैध वसूली का धंधा चल रहा है। सिन्हा ने आरोप लगाया है कि नगर के बड़े जनप्रतिनिधियों के द्वारा शहर सरकार के महापौर के इशारे में यह काम जारी है। जब से सत्ता में आए हैं यहीं काम चल रहा है। उन्होंने सम्पत्ति कर दाताओं अपील की है कि कोई भी नोटिस अगर आपको मिलती है तो आप उसे सोशल मीडिया मे बताएं। या संभाग कमिश्नर, कलेक्टर, आयुक्त को इसकी सूचना दें।

### सीबीआई अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट का झांसा देने वाले चार युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** सीबीआई का अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट का झांसा देकर ठगी करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रगति नगर रिसाली निवासी नम्रता चन्द्राकर को 29 अप्रैल को सीबीआई का अधिकारी बनकर पीड़िता के पिता को वीडियो काल कर केनरा बैंक के खाते को नरेश गोयल को बेचने का आरोप लगा कर दो करोड़ रुपए का मनी लाडिंग होने का झांसा दिया था। झांसा देकर पीड़िता के पिता से 54 लाख 90 हजार रुपए का ठगी किया गया था। पुलिस में घटना की शिकायत करने पर जांच किया गया। जांच में आरोपी मोबाईल धारक और लाभार्थी बैक खाता धारक की तकनीकी सहायता से जानकारी मिली। पुलिस ने लखनऊ दीपक गुप्ता, राजेश विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार, शुभम श्रीवास्तव को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों ने बताया कि राजेश विश्वकर्मा उर्फ राजू पेंटर का यूनियन बैक शाखा पीएन रोड लखनऊ में खाता था। ठगी के रकम को राजेश के खाते में 9 लाख रूपये आया। मामले में जांच की जा रही है।

### स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार, पांच गिरफ्त में

**भिलाई।** शहर के स्पा सेंटर के आड में देह व्यापार का कारोबार करने वाले संचालको के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने तीन पुरुष और दो महिला को गिरफ्तार किया है। घटने का खुलासा करते हुए एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि सूर्या मॉल स्थित स्पों सेंटरों में अवैध रूप से देह व्यापार कराये जाने को लेकर सूचना मिली थी। पुलिस ने टीम बनाकर प्वॉइंटर भेजकर दबिश दिया। यहां कुल 8 स्पॉ सेंटरों में दबिश दी गई। जिसमें ब्लू एलीजा स्पा सेंटर की सिकोला भाठा दुर्ग निवासी संचालिका अहिल्या सागरवंशी, सेंस स्पों सेंटर संचालिका पावर हाउस निवासी पूजा सुधु के स्पा सेन्टर को चेक किया। यहां कई आपत्तिजनक वस्तु और पाँच नग रजिस्टर भी मिले है। नगद दो हजार रुपए, स्पा सेंटर के कमरे से कस्टमर नवागावं जिला धमतरी निवासी योगेश कुमार देवागन, फिंगेशवर जिला गरियाबंद संतोष कुमार देवांगन, राजिम जिला गरियाबंद कमलेश देवांगन पकड़े गए है।

## प्रवेशोत्सव

### ठेकवाडीह, भिरई एवं कोलिहामार स्कूल के शाला प्रवेश उत्सव में पहुंची कलेक्टर दिव्या मिश्रा

# मानसिक विकास और सामाजिक तरक्की के लिए पढ़ाई-लिखाई अनिवार्य : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि विकास का दरवाजा शिक्षा से प्रारंभ होता है और व्यक्ति के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षा अत्यंत आवश्यक है।

कलेक्टर मिश्रा शिक्षा सत्र के पहले दिन आज जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम ठेकवाडीह, भिरई एवं कोलिहामार स्कूल में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा के महत्व के संबंध में विस्तार से प्रकाश डालते हुए शिक्षक, विद्यार्थियों एवं पालकों को सारगर्भित, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणास्पद संदेश दिया।

इस अवसर पर नगर पंचायत गुरूर के अध्यक्ष प्रदीप साहू, एसडीएम आर के सोनकर, तहसीलदार हनुमंत श्याम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधि, शिक्षक–शिक्षिका, विद्याथएँ एवं पालकों सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि शिक्षा सत्र के पहले दिन आज जिले के प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाई स्कूलों में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव के दौरान कक्षा पहली, कक्षा छठवीं एवं कक्षा नवमीं के नव प्रवेशित विद्यार्थियों का विद्यालय में पहुँचने पर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा एवं अन्य अतिथियों के द्वारा नव प्रवेशित विद्यार्थियों को तिलक लगाकर एवं उनका मुँह मीठा करा कर तथा उन्हें गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक प्रदान कर शाला में प्रवेश के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।





### दुनिया में कोई काम असंभव नहीं

कलेक्टर ने कहा कि दुनिया में कोई काम असंभव नहीं है बस आवश्यकता है –दृढ़ इच्छा शक्ति एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण की। श्रीमती मिश्रा ने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम एवं पूरे मनोयोग के साथ विद्या अध्ययन करते समय सदैव लक्ष्य के ऊपर ध्यान केंद्रित करने को कहा। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को नशापान के दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी देते हुए उन्हें नशापान से आजीवन दूर रहने की समझाईश दी। इसके अलावा उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विद्यालय परिसर के 100 मीटर के दायरे में मादक पदार्थों की बिक्री एवं उपलब्धता पर पूर्णतः प्रतिबंध सुनिश्चित कराने जरूरी उपाय करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने वर्तमान में तेजी से घटते भूजल स्तर एवं पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पेड़–पौधों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए जिले के सभी नागरिकों के अलावा विद्यार्थियों को भी 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत अनिवार्य रूप से पौधरोपण करने को कहा। उन्होंने कहा कि हम सभी को अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण कर उनके सुरक्षा के भी पुख्ता उपाय सुनिश्चित करना चाहिए।



इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने विद्यार्थियों को विद्याथएँ जीवन तथा शिक्षा के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने कहा कि विद्याथएँ जीवन व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कालखंड होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को इस बहुमूल्य कालखण्ड के प्रत्येक क्षणों का सदुपयोग करते हुए जीवन में असीम उपलब्धि हासिल कर राष्ट्र व समाज के विकास में अपनी बहुमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा।

### ग्रामीणों की भूमिका की सराहना

कलेक्टर मिश्रा ने आयोजित शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोगों की उपस्थिति पर भी सराहना व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि आप लोगों की उपस्थिति शिक्षा के प्रति जागरूकता, लगाव एवं समर्पण को प्रदर्शित करता है। कलेक्टर मिश्रा ने विद्यार्थियों को समझाईश देते हुए कहा कि परिस्थितियां कितनी भी विपरीत क्यों न हो आदमी को हिम्मत नही हारना चाहिए। उन्होंने विद्याथएँ एवं शाला के विकास के लिए हर संभव मदद उपलब्ध कराने की बात भी कही। इस अवसर पर कलेक्टर ने अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजकर अपने बच्चों को शैक्षणिक क्रियाकलाप एवं विद्यालय के प्रत्येक गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्ेररित करने वाली सर्वश्रेष्ठ माता यामिनी साहू को सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के प्रत्येक बैठकों में उपस्थित होने वाली महिला सदस्य दुर्गेश्वरी कुंजाम को मेडल भेंटकर एवं प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों की माँग पर प्राथमिक शाला भिरई में एक शिक्षक की पदस्थापना करने का आश्वासन भी दिया। मिश्रा ने संस्था प्रमुखों एवं शिक्षकों को विद्यालय परिसर को साफ–सूथरा एवं व्यवस्थित तथा पौधरोपण कर हरा–भरा रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मौके पर उपस्थित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कोलिहामार स्कूल में प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित विद्याथएँ, शिक्षकों, पालकों तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को आजीवन नशापान से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। इस दौरान मिश्रा एवं अतिथियों के द्वारा शाला परिसर भिरई में स्थित भारत माता एवं शहीद भगत सिंह के प्रतीमा पर माल्यार्पण भी किया गया।

# भन्साली परिवार की पहलः नगर में निःशुल्क ई-रिक्शा सेवा बनी सेवा का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

नगर के प्रेमचंद, नरेंद्र व विजय भन्साली तीनों भाइयों ने सेवा के क्षेत्र में एक नया मिशाल कायम किया है जब उन्होंने नगर में निःशुल्क ई रिक्शा सेवा की शुरुआत की। उल्लेखनीय है कि नगर से अस्पताल की दूरी लगभग एक से डेढ़ किमी है ऐसे में आने जाने वाले मरीजों को काफी कठिनाई होती थी।

मरीज बस के इंतजार में बैठे रहते थे इन सब समस्याओं को देखते हुए सरल हृदय भन्साली परिवार के सदस्यों ने निःशुल्क ई रिक्शा चलाने का निर्णय लिया जिसे अस्पताल के समय मे नियमित चलाया जाता है। नगर के रामनगर चौक, पुराने बस स्टैंड, संजयनगर, बाजार चौक, नए बस स्टैंड व पुराने नप चौक से अस्पताल जाने वाले मरीजों को सीधा लाभ मिलता है।यह ई रिक्शा सभी मरीजों को निःशुल्क अस्पताल तक लाने व ले जाने का कार्य करती है। इस सेवा को शुरू किए लगभग एक वर्ष हो गए हैं। अब तो नगर सहित समूचे क्षेत्र में निःशुल्क ई





रिक्शा की पहचान बन गई है। दूर दराज से आने वाले मरीजों की नजर भी ई रिक्शा को ढूंढती रहती है। ई रिक्शा से एक वाहन चालक को भी रोजगार मिल जाता है, वो भी अभी फिलहाल महिला वाहन चालन कर रही है, आने जाने वाले मरीजों के द्वारा दिल से दुआए दी जाती है। उल्लेखनीय है कि प्रेमचंद नरेंद्र विजय भन्साली परिवार को उदयाचल धर्मार्थ ट्रस्ट राजनांदगांव द्वारा भी सम्मानित किया गया है। भन्साली परिवार ने पूर्व में नगर में दंत चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया था। साथ ही इनके द्वारा मरीजों के लिए व्हील चेयर बैशाखी व अन्य सर्जिकल इक्विपमेंट मरीजों के यूज़ के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं। भन्साली परिवार के सेवा कार्य सराहनीय है। इन्होंने राजनांदगांव स्थित उदयाचल धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय में भी सहयोग करते है जिससे जरूरत मंद लोगों के निःशुल्क ऑपरेशन व इलाज हो सके।उदयाचल संस्था ने इन्हें उदयाचल मित्र सम्मान से सम्मानित करते हुए इन्हें प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया है। भन्साली परिवार ने पूर्व में नगर में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया था जिसमें गुजरात के मशहूर दांत के डॉ द्वारा विशेष चिकित्सा पद्धति से इलाज किया गया था। जिसमें सैकड़ों लोगों को सीधा लाभ मिला था। भन्साली परिवार के द्वारा प्रतिवर्ष गर्मी के दिनों में जानवरों व पक्षियों के लिए निःशुल्क कोटना व सकोरे का वितरण किया जाता है जिससे मूक पशु पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हो सके।सेवाभावी लोगों के द्वारा कोटना व सकोरे को भन्साली परिवार से प्राप्त करते हुए जानवरों व पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करते है।नगर के अनेकों सार्वजनिक स्थानों पर इनके द्वारा कोटने व सकोरे भी रखे गए हैं। गर्मी के दिनों में माता पिता की स्मृति में शीतल जल गृह भी शुरू करते हैं जिससे आने जाने वाले राहगीरों को शीतल जल मिल सके। गौमाता की सेवा के लिए भी ये परिवार निरन्तर तत्पर रहता है। कहीं पर भी गायों की दुर्घटना की जानकारी लगते ही गौमाता की सेवा व इलाज के लिए डॉ. व दवाई की व्यवस्था करते हैं। घायल गौमाता के इलाज के लिए नगर में सर्वप्रथम इन्हें ही याद किया जाता है।

# पं. प्रदीप मिश्रा के प्रवचन की तैयारी जोरों पर पुलिस, लोनिवि और पीएचई सक्रिय



**बालोद/निकुम।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम निकुम में जय महाकाल परिवार व समस्त ग्रामवासी निकुम सहित अंचल के गांव गावं से मिलकर पहली बार विश्वविख्यात कथावाचक सिहोर वाले पं. प्रदीप मिश्रा निकुम आने से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है, पंडाल में भी तैयारी पुरजोर चल रही है,कथा के लिए चार डोम बन रहे है, जिसमें लाखो भक्त शिवमहापुराण की कथा सुनेगें।

वही क्षेत्रीय विधायक ललित चन्द्राकर ने कथा स्थल में जाकर प्रशासन के संबधित अधिकारियो के साथ आयोजन को सफल बनाने व सुरक्षा, सुविधा की बारिकी से बैठक लिया, जिसमें पुलिस विभाग, लोक निमार्ण, विभाग, स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग, विघुत विभाग सहित प्रशासन के आलाअधिकारी मौके पर रहे। वही विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि कलयुग को शिवयुग बनाने कथावाचक पं.प्रदीप मिश्रा निकुम आ रहे है, हम सब मिलकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने मेहनत करेगें, वही सभी युवाओं व ग्रामीणो को कहा कि सभी कार्य शांति व्यवस्था व एकता से करेगें, जिसमें सभी का सहयोग जरुरी है। वही आयोजन में व्हीव्ही आई पी व्यवस्था, पंडाल, डोम, भोजनालय, मिश्रा जी के निवास की जानकारी लेकर आवष्यक निर्देश दिया। लाखो श्रध्दालुओ को निःशुल्क भोजन प्रसादी वितरण में हाथ बंटायेगें हजारो महिला समूह

वही खेल स्टेडियम में लाखो श्रध्दालुओ को निःशुल्क भोजन प्रसादी में चावल, दाल, सब्जी मिलेगी, जिसमें आसपास के ग्रामो से हजारो महिला व युवा ब्रिगेड टीम सहित अन्नदान सेवा समिति रुदा निकुम के सदस्य सहित सभी सहयोग करेगें।

### चप्पे पर पुलिस की तिरछी नजर रहेगी, लगेंगें सीसी कैमरे चप्पे

कार्यक्रम स्थल में पुलिस अधीक्षक दुर्ग, एडिशिनल एसपी अभि"ोक झा, एसडीओपी अनुप लकरा, थानाप्रभारी अंडा भानुप्रताप साव सहित कई पुलिस के अधिकारी लगातार मानीटिरिंग कर रहे पुलिस की तिरझी नजर रहेगी। वही संयोजक रुपेश देशमुख ने कहा कि सभी का सहयोग मिल रहा है, शिव कथा में लाखो भक्तो की भी रहेगी।

### ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ की जांच में 15 स्कूली बसों में खामियां

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ दुर्ग ने संयुक्त रुप से शहर के स्कूली बसों की जांच की गई। दूसरे दिन 81 स्कूली बस जांच के लिए पहुंचे थे। जिसमें 15 बसों में खामियां पाई गई। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि जिन बसों में खामिया पाई गई है। उनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान कर 8 हजार समन शुल्क वसूला गया। अब तक दो दिनों में शिविर में 248 स्कूल बसो की जांच की गई। जिसमें कुल 23 बसों में खामियां पाई गई। सुप्रीम कोर्ट के गाईड लाईन के मुताबिक स्कूली छात्र छात्राओं के सुरक्षित परिवहन को ध्यान में रखते पुलिस ग्राउण्ड सेक्टर 6 में बसों की जांच की जा रही है। द्

# एकता धोबी समाज की सबसे बढ़ी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

ग्राम टेकारी में झेरिया धोबी समाज का महाधिवेशन पूर्व विधायक देव जी भाई पटेल के मुख्य आतिथ्य, प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि देवजी भाई पटेल का रजक ताज से अभिनंदन किया गया।

महाधिवेशन में कूंरा राज धरसीवां परिक्षेत्र के प्रत्येक गांव के समाज जन के अलावा बालोद जिला गुरुर राज के अध्यक्ष जगजीवन निर्मलकर, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष चौतराम निर्मलकर, दुर्ग जिला संगठन प्रभारी नकुल निर्मलकर, बिलासपुर जिला संगठन प्रभारी रामायण रजक, प्रभात सोनछत्र, भागबली निर्मलकर, अध्यक्ष दिनेश निर्मलकर, धमतरी जिला संगठन प्रभारी पंचदेवी निर्मलकर, चार राज नव पार के अध्यक्ष अशोक कुमार निर्मलकर, कोषाध्यक्ष रमेश निर्मलकर, संरक्षक चोवा राम रजक,



रामखेलावन, सरगांव क्षेत्र के अध्यक्ष सहित अनेक पदाधिकारी ने उपस्थित होकर अपने विचार रखें। मुख्य अतिथि ने कहा धोबी समाज कि अब ताकत दिखने लगी है जबकि यह समाज केवल सामाजिक प्रकरण के निपटारा में ही व्यस्त रहता था अब एक से बढ़कर एक रचनात्मक आयोजन करने लगे हैं। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर की मांग पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल से आग्रह कर सांसद निधि से समाज के भवन परिसर में शौचालय, नलकूप खनन, रसोई कमरा के लिए आवश्यक राशि स्वीकृत करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने सामाजिक न्याय में महिलाओं की भागीदारी, कन्या विवाह के लिए सहायता राशि, दाह संस्कार के लिए सहायता राशि के नियम लागू करने के लिए समाज को बधाई दी।

# नीट में भावेश कामयाब, ऑल इंडिया में प्राप्त किया 28000 रैंक

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंडा निवासी पिता जयप्रकाश सिन्हा एवं चंद्रकला सिन्हा के पुत्र भावेश कुमार सिन्हा नीट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 28000 प्राप्त कर चयनित हुआ है। साथ ही, छोटे बेटे केशव सिन्हा, ने पीईटी परीक्षा में 693वीं रैंक प्राप्त कर चयनित होकर परिवार ग्राम व क्षेत्र का मान बढ़ाया है।



इस उपलब्धियां पर उनके निवास स्थान क्षेत्रीय विधायक ललित चंद्राकर पहुंचकर मिठाई खिलाकर शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया तथा दोनों प्रतिभावान भाइयों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कड़ी मेहनत और सही दिशा में प्रयास करने से कुछ भी असंभव नहीं है, और आपकी यह सफलता इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। आशा करता हूं कि आप अपने क्षेत्र और समाज के लिए कुछ सार्थक योगदान देंगे। भावेश और केशव गरीब परिवार से आते हैं पिता कपड़ा सिलाई काम करते हैं माता रोज़ी मजदूरी का काम करती है हर मां-बाप का सपना होता है अपने बेटे को अच्छा पढ़ाई लिखाई कराए उन्होंने ने अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान की गरीब स्थिति के होते हुए भी बच्चों ने पूरी लगन और निष्ठा के साथ पढ़ाई किया और आज अपने मुकाम को हासिल किया भावेश डॉक्टर बनकर गांव की सेवा करना चाहता है और केशव इंजीनियर बनकर सेवा देना चाहता है। दोनों भाइयों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और अपने गुरुजनों को दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अजीत चंद्राकर जनपद सदस्य, लोमस चंद्राकर सभापति, दिग्विजय कुमार सिन्हा सरपंच, उपसरपंच यशवंत बंजारे,तिलक चंद्राकर, अजय चौहान सहित परिजनों एवं ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## पेज 9 के शेष

### एसआई के नाम पर युवती से ...

पैसे की मांग इन तीन महीनो मे करता रहा, इस बीच साईबर ठग ने युवती को अलग से खाता खोलकर उसमे से पैसे ट्रांजेक्शन करने की बात कही लेकिन लगातार साईबर ठग के फोन से परेशान युवती ने तीन माह बाद जब अपने आस पास के लोगो व परिवार के लोगो को इसकी जानकारी दी तो परिवार के लोगो ने युवती के साथ थाने आकर करीब तीन माह बाद साईबर ठग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिस पर गुण्डरदेही पुलिस द्वारा साईबर ठग के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### व्यायाम शिक्षकों की भर्ती ...

प्रत्येक स्कूल में व्यायाम शिक्षक की आवश्यकता है। व्यायाम शिक्षक संघ लगातार प्रदर्शन कर रही है लेकिन अभी वर्तमान में बहरी सरकार है के कानों में व्यायाम शिक्षक को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

### मोदी के 11 साल पर हुई ...

सिंह, जनार्दन सिन्हा, बंसत ठाकुर, संध्या साहू, सविता साहू, डामेशवारी साहू, पूजा सिन्हा, हेमंत साहू, संध्या अजेन्द्र साहू, रूद्रप्रकाश साहू, दिनेशवरी सिन्हा, हीरामणि केजू साहू, संजय साहू, बालचंद टंडन, द्वारिका सिन्हा, यालेश साहू, भारत भुषण, शैलेंद्र सोरी, ममता गौतम, मिथलेश साहू, झलेन्द्र सिन्हा, गोकुल साहू, तुला राम साहू, विजय गौतम, भुवन साहू, इन्द्रसेन सिन्हा, नेकराम सिन्हा, अजय साहू, विशाल दिवान, गिरवर बजरंगी, प्राधिकृत सेवा सहकारी समिता के अध्यक्ष, स्कूल के अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि गण, बूथ अध्यक्ष गण सहित कार्यकर्ता गण शामिल हुए।

### डायरिया से बचाव हेतु ...

नीता गयकवार्ड, वार्ड आया प्रतिभा नेताम सहित क्षेत्र की सभी मितानिन बहनें उपस्थित रहीं। यह कार्यक्रम न केवल जनजागरूकता की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि डायरिया उन्मूलन की दिशा में सामूहिक प्रयासों का एक प्रतीक भी है।

### विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण ...

इससे साबित होता है कि अधिकारियों द्वारा युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में धांधली की जा रही है और डौंडी बीईओ को निलंबित भी किया गया है।

### शिक्षा व्यवस्था की बदहाली ...

दूर है। एक आदिवासी ग्राम में जहां बच्चों के लिए मूलभूत सुविधाएं भी सीमित हैं, वहां शिक्षा के अधिकार से भी बच्चों को वंचित किया जा रहा है। स्कूल बंद कर प्रदर्शन कर रहे पालकों ने कहा कि उन्हें शिक्षा से ही अपने बच्चों का भविष्य उज्जवल दिखाई देता है, लेकिन जब शिक्षक ही पढ़ाने में असमर्थ हों, तो ये सपना अधूरा रह जाएगा।

पालकों ने यह भी आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद विभाग से कोई सुनवाई नहीं हुई। तत्काल स्थायी शिक्षक पदस्थ करने की मांग की है। ग्रामीणों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जब तक स्कूल में योग्य और पूर्ण सक्षम शिक्षक की पदस्थापना नहीं होती, तब तक स्कूल में तालाबंदी जारी रहेगी। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी और जनपद पंचायत से मांग की है कि इस विषय को गंभीरता से लेकर तत्काल समाधान करें।

### स्कूल में तालाबंदीः शिक्षकों की ...

शिक्षा विभाग द्वारा लागू की गई युक्तिकरण नीति केवल कागजों में उचित दिखती है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि एक ही शिक्षक से दो से तीन कक्षाएं चलवाई जा रही हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने दो टूक कहा कि अच्छी इमारतों या नाममात्र के आयोजन से शिक्षा नहीं सुधरती, जरूरत है हर स्कूल में पर्याप्त शिक्षकों की। वर्षों से शिक्षक विहीन चल रही प्राथमिक शाला में अब धैर्य टूट चुका है। गांव वासियों ने बताया कि कई बार प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आवेदन सौंपे गए, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। अब जब बच्चों का भविष्य दांव पर लग गया है, तो मजबूर होकर उन्हें तालाबंदी जैसा कदम उठाना पड़ा।

### बच्चों को टीका लगा मिठाई ...

होने वाले लाभ बताए श्रवण पांडेय द्वारा पाठयपुस्तक में हुए बदलाव तथा उस बदलाव में जो रोचकता शामिल किया गया है उसे बताते हुए बच्चों तथा माताओं को मोटीवेशन किए। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और सदस्य की उपस्थिति में प्रवेश उत्सव मनाया गया।

## खबर संक्षेप

### ट्रेनिंग पार्टनर के चयन के लिए अभिव्यक्ति आमंत्रित

**बालोद।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज बालोद में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के लिए मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत कंस्ट्रक्शन, ग्रीन जॉब, ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, मैनेजमेंट एंड इंटरप्रेन्योर एंड प्रोफसेनल तथा आई टी सेक्टर अंतर्गत संकायों में प्रशिक्षण हेतु ट्रेनिंग पार्टनर का चयन के लिए रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किया गया है। सहायक परियोजना अधिकारी जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट बालोद डॉट जीओवी डॉट इन तथा कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

### पुनर्गणना और मूल्यांकन के लिए कुलसचिव को सौंपा

**बालोद।** शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बी.कॉम भाग 2 के परीक्षा परिणाम मार्च अप्रैल 2025 में हुई लापरवाही के कारण पुनः गणना एवं मूल्यांकन हेतु कुलसचिव को ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन मे कहा गया है कि केन्द्र क्रमांक 01 शासकीय घनश्याम सिंह गुप्ता स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद बी कॉम द्वितीय वर्श मार्च अप्रैल 2025 मे हुए परीक्षा का परीक्षा परिणाम बहुत ही निराशा जनक है। परीक्षा परिणाम को देखते हुए लगता है कि उत्तर पुस्तिका को जांचने मे बेहद लापरवाही हुई है। अधिकांश छात्र छात्रओ को अलग अलग विशयो मे 0 अंक व 2 अंक प्राप्त हुआ है। यह अंक वि"वविद्यालय प्रशासन पर उत्तरपुस्तिका जांचने मे गड़बड़ी को दर्शाता है, ज्यादातर छात्र छात्रओ को तीन से चार विशयो मे फेल कर दिया गया है। जो कि छात्र छात्रओ के मनोबल को तोड़ता है। साल भर मेहनत करने वाले छात्र छात्रएं इस परिणाम से असंतुष्ट है। इसलिए उत्तरपुस्तिका पुनः जांच किया जाए ताकि छात्र छात्रओ के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो और उन्हे उनके मेहनत के अनुसार परिणाम मिल सके। जिसमे अभिन्न यादव, तेशांत, चौतन्य, कुशेन्द्र, लवेन्द्र, नवीन, रजत, ओम, साकेत, अभिषेक, प्रियांश, नोखील, डोमन, रोशन उपस्थित थे।

### टाउनशिप में स्वास्थ्य व शिक्षा व्यवस्था हो दुरुस्त

**भिलाई।** एचएमएस यूनियन ने डायरेक्टर इंचार्ज से की मांगभिलाई। भिलाई हिन्द मजदूर सभा (एचएमएस ) ने भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन से टाउनशिप और मजदूरों की समस्याओं के जल्द निदान की मांग की है। श्रमिकों की मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा ,स्वास्थ्य और शिक्षा की पूरी तरह से अनदेखी से बीएसपी कर्मियों की परेशानी बढ़ रही है। पच्चीसों स्कूल बंद कर दिए गए स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति भी बद्तर हो गई है।यूनियन के कार्यवाहक अध्यक्ष एचएस मिश्रा ने बताया कि बीएसपी के नए डायरेक्ट इंचार्ज से कर्मचारियोंोक व्याप्त समस्याओं के त्वरित समाधान की आशा है। बताया कि बीएसपी स्कूलों में शिक्षकों की नियमित भर्ती वर्षों से नहीं होने संविदा शिक्षकों के भरोसे चल रहे हैं। गिनती के ही स्कूल बचे हुए हैं।

## मंडल स्तरीय जन चौपाल एवं रक्तदान शिविर अर्जुंदा में आयोजित किया गया

# पीएम मोदी और साय सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

भाजपा मंडल अर्जुंदा द्वारा सेवा सुशासन गरीब कल्याण संकल्प से सिद्धि तक मंडल स्तरीय जन चौपाल एवं रक्तदान शिविर का कार्यक्रम नगर अर्जुंदा के राधा कृष्ण मंगलम भवन में आयोजित किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता भाजपा नेता यज्ञदत्त शर्मा एवं किसान नेता अश्वनी यादव मौजूद रहे। स्वागत भाषण देते हुए कहा कि आने वाले समय में संगठन का हर काम पूरी तन्मयता के साथ मेरे हर एक साथी कार्यकर्ता करेंगे। गांव गांव एवं शक्ति केंद्र में चौपाल का आयोजन हो इसकी योजना हम सबको बनानी है। आप सबके सहयोग से ही मोदी सरकार एवं साय सरकार की योजनाएं जन जन तक पहुंच रही उन हितग्राहियों से मिलकर मोदी जी के साथ सभी को जुड़ने का आह्वाहन करे।

■ आर्थिक रूप से भारत वर्तमान में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है

**सबका साथ सबका विकास भाजपा का मूल मंत्रः** अश्वनी यादव ने विकसित भारत के अमृत काल इसमें विस्तार कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुवे प्राप्त निर्देशों को जनता तक किस तरह से




कार्यकर्ता ले जाए इस पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि मोदी जी की सभी योजनाए चाहे प्रधानमंत्री आवास हो स्वच्छ भारत मिशन हो जनधन खाता हो निशुल्क खाद्यान्न योजना हो ये सभी योजना जनता तक पहुंच रही है। बस हमें हमारे सरकार की उपलब्धियो से जनता को अवगत करवाना है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता यज्ञ दत्त शर्मा ने कहा कि मोदी जी ने सबका साथ सबका विकास और सब का विश्वास के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। आज भारत शिक्षा के क्षेत्र में हो या स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो बिजली सड़क पानी के साथ–साथ आज हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि देश की सुरक्षा को लेकर है। मोदी जी ने देश की सीमाओं को सुरक्षित करने के साथ–साथ देश के दुश्मनों को उनके घर में घुसकर ठोका है यही नहीं भारत देश की नीतियों में एक ऐतिहासिक बदलाव आया है। आर्थिक रूप से भारत वर्तमान में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है यह हम सबके लिए बहुत गौरव का विषय है और मोदी जी की 11 वर्षों में किए गए ऐतिहासिक निर्णय को लेकर विपक्षियों को ललकार सकते हैं। हमें जनता के बीच काम करना है हम संगठन के कार्यकर्ता है हम सबको मिलकर भारतीय जनता पाटएँ के विचारों से अवगत कराकर हमारी विचारधारा को जन जन तक पहुंचकर सबको साथ लेकर चलने का प्रयास करना है।

### रक्तवीरों को प्रमाण पत्र दिया गया

कार्यक्रम के मुख्यातिथि यज्ञदत्त शर्मा ने रक्तदान करने वाले रक्त वीरों को प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जनपद अध्यक्ष सालिक राम देशमुख ,मंडल उपाध्यक्ष दौलत राम देशमुख, युगल बोरकर, संजय साहू, महामंत्री रोशन अमृत, गुमान यादव कोषाध्यक्ष प्रदीप साहू, मंत्री त्रिवेणी सिन्हा, नेम चुम्मन साहू, सावित्री शर्मा, दानेश्वर साहू, चंद्रहास देवांगन, धारा पंकज चौधरी, रूपा देवांगन, गिरधर निषाद, छांगू यादव, सतीश साहू, सुनील बेलचंदन, छबीलाल कोराम, गायत्री ठाकुर, हरीश साहू, नवीन राजपूत कुलदीप साहू, विनोद सिन्हा, असलम खान, मुकेश जैन मिथलेश साहू, मुकेश सोनकर, कमल सिंह चंद्र, प्रकाश यादव, सुमन साहू, फराम मंडल, बालेश्वर देशमुख, भुनेश्वर साहू, उत्तम ठाकुर, जीवन लाल देवांगन, नरोत्तम साहू, ईश्वर साहू, बृजेश सोनी, देवेंद्र साहू, रमेश सोनी, ज्ञान ठाकुर, चंद्रहास देवांगन, दीनबंधु साहू, जोगेंद्र सिंह, दिगेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, कमलेश्वर साहू, केवल चंद, मनीष ठाकुर, मन्नू ठाकुर, कृपाल सिंह, रोशन यादव, अनिल सोनी, वीरेंद्र देवांगन, दिनेश साहू, प्रीति सिन्हा, गीतांजलि सोनी, भारती साहू, शिखर साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार के प्रतिनिधि छत्तीसगढ़ प्रवास पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में पूरे विश्व में युग निर्माण योजना के उद्देश्य मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग के अवतरण को पूरा करने के लिए पूज्य गुरूदेव पं.श्रीराम शर्मा आचार्य माता भगवती देवी शर्मा ने शक्तिपीठों एवं प्रज्ञापीठों की स्थापना किये।

जिनके माध्यम से गायत्री परिवार के परिजनों द्वारा विभीन्न रचनात्मक कार्य, पर्यावरण संरक्षण, साधना, स्वाध्याय, स्वावलंबन, शिक्षा, नशा उन्मूलन, नारी जागरण एवं कुरीति उन्मूलन आंदोलन जैसे कार्य किए जाते है। इन सभी कार्यों को और गति प्रदान करने हेतु प्रज्ञापुत्र लेखराम साहू शांतिकुंज प्रतिनिधि का भ्रमण अभी छत्तीसगढ़ में हो रहा है। इसी क्रम में बालोद जिला के गुण्डरदेही के प्रज्ञापीठ परसतराई, बासीन, परसदा (डंगनिया), ओटेबंध, मुंदेरा, किलेपार, रनचिरई, जरवाय, परसदा (मोखा) प्रवास हुआ है। शांतिकुंज प्रतिनिधि द्वारा गायत्री परिवार के परिजनों को वंदनीया माता के जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के लिए सभी प्रज्ञापीठों में महापुश्चरण, सामूहिक साधना, युग निर्माण सत्संकल्प पाठ करने करने एवं इन सभी कार्यों को पूर्ण करने हेतु प्रत्येक परिजन को जिम्मेदारी एवं समयदान देने हेतु मार्गदर्शन दिया गया। परिजनों द्वारा माता के जन्म शताब्दी को सफल बनाने और पूरे मन से कार्य करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर विकासखंड गायत्री परिवार के समन्वयक चंद्रिका प्रसाद चंद्राकर, सह समन्वयक गजाधर साहू, प्रज्ञापीठों से कृपाराम सिन्हा, ओंकेश्वरी साहू, शीला साहू, महेश्वरी गजेन्द्र, सेवक सिन्हा, रूपेन्द्र सिन्हा, रवि सिन्हा, देवी सिंह देशमुख, घना राम साहू, रोहित साहू, गोपाल साहू, मिलाप साहू, कुलेश्वर साहू, डेमेन्द्र साहू, कार्तिक राम साहू, मोहन लाल साहू, मदन चंद्राकर, जवाहर साहू, सिलेन्द्र कुमार चंद्राकर, मन्नूलाल साहू, प्रदीप साहू, डेरहीन साहू, पुनाराम साहू, केके.कलिहारी उपस्थित थे।

## प्राथमिक, माध्यमिक व हाईस्कूल कोहंगाटोला में हुआ प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शाला लगने के पहले ही दिन 16 जून को शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन प्राथमिक स्कूल, माध्यमिक स्कूल तथा हाईस्कूल कोहंगाटोला के द्वारा संयुक्तरूप से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत कोहंगाटोला देवकी ठाकुर थी। अध्यक्षता ग्राम पटेल गुमान सिंह देवांगन ने किया। माँ सरस्वती की पूजा अर्चना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

उपस्थित मुख्य अतिथि एवं अन्य विशेष अतिथिगणों के करकमलों से कक्षा पहिली, छटवीं व नवमी के नवप्रवेशी छात्र छात्राओं को गुलाल लगाकर मिठाई खिलाया गया।पश्चात उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तक व गणवेश का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि देवकी ठाकुर ने सभी नवप्रवेशी बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने व अपने लक्ष्य तक पहुंचने की अपेक्षा व्यक्त की। विशेष अतिथि पूर्व सरपंच छगनलाल साहू




ने भी बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को र् प्रधान पाठक माध्यमिक शाला अमरलाल भुआर्य ने सम्बोधित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के अलावा गुमान सिंह देवांगन, छगनलाल साहू, देवेंद्र गङ्गवंशी, युवराज सिन्हा, सुरेंद्र सिन्हा, गुमान सिंह ठाकुर, प्रभारी प्राचार्य राजू सिंह भुआर्य, सुनील गुप्ता, पवन कुम्भकार, धिराज सिंह कस्तूरे, विजय साहू, प्रवीण पांडे, तुलसी डोंगरे, इंदिरा दुबे, जया झा, अरुणा ठाकुर, श्वेता मेश्राम, तीरथ साहू, भुनेश्वरी ठाकुर, प्रतिमा साहू, रजनी साहू सहित पंचगण व पालक उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्राचार्य राजू सिंह भुआर्य, हाईस्कूल कोहंगाटोला ने एवं आभार व्यक्त प्रधान पाठक प्राथमिक शाला कोहंगाटोला लक्ष्मी ठाकुर ने किया।

## व्यापारी संघ की बैठक सम्पन्न, ओम गोलछा बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

व्यापारी संघ की बैठक में नए कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस बैठक में व्यापारियों ने भाग लिया और नए पदाधिकारियों का चयन किया।

इस बैठक में ओम गोलछा को अध्यक्ष और कमलेश गुणधर को सचिव, अश्वनी जायसवाल उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष बिट्टू ढेलड़िया, सह सचिव अजय बाघमार, पदुम सोनी, मीडया प्रभारी मोनू साहू, संजीव जायसवाल को चुना गया। व्यापारियों ने नवनियुक्त अध्यक्ष ओम गोलछा और सचिव कमलेश गुणधर को बधाई देते हुए कहा की उम्मीद है कि वे व्यापारियों के हितों की रक्षा करने और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए काम करेंगे। नए कार्यकारिणी में कौन चुने जायेंगे और उनकी क्या जिम्मेदारियां होंगी, इसकी जानकारी जल्द ही साझा की जाएगी। व्यापारी संघ के नए कार्यकारिणी







से व्यापारियों को काफी उम्मीदें हैं और वे व्यापारियों के हितों की रक्षा करने और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए काम करेंगे। व्यापारी संघ के अध्यक्ष ओम गोलछा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता नगर के व्यापारियों के हित में कार्य करना होगा।

वे व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करने और उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए काम करेंगे। ओम गोलछा ने कहा कि वे व्यापारियों के साथ मिलकर नगर के व्यापार को बढ़ावा देने और व्यापारिक गतिविधियों को सुचारु रूप से चलाने के लिए काम करेंगे। वे व्यापारियों की समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। व्यापारी संघ के अध्यक्ष के इस बयान से व्यापारियों में उम्मीदें बढ़ गई हैं और वे उनके नेतृत्व में व्यापारियों के हितों की रक्षा करने के लिए काम करने की उम्मीद कर रहे हैं। बैठक में प्रमुख रूप से हेमंत तन्ना, सुनील बागमार, अशोक शिवहरे, पुनम कोठारी, राजेन्द्र नाहर, मांगीलाल गुणधर, सुरेश बाघमार, चिमन जायसवाल, शेखर संतोष वार, तरुण बाघमार, रुपेश ढेलड़िया, विशाल गुणधर, मनोज गुणधर, तेजस जैन, प्रिंस जैन सहित अन्य व्यापारी शामिल थे।

## सेजेस मंगचुवा में मनाया गया प्रवेशोत्सव छात्राओं को सायकिल वितरित की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

सेजेस मंगचुवा में नव प्रवेशी बच्चों के स्वागत के लिए प्रवेश उत्सव कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि सरपंच श्रीमती उमादेवी जैन, अध्यक्षता संस्था प्रमुख प्रभारी प्राचार्य आई आर बागमरिया ने किया। अति विशिष्ट अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रोहित कुमार ढालेंद्र , भाजपा महामंत्री एवं शहीद गैंद सिंह कॉलेज के अध्यक्ष पूनम चंद जैन, मंडल अध्यक्ष उतरा घरेंद्र , विधायक प्रतिनिधि उत्तम कुमार ठाकुर, सखा राम ग्राम पटेल पालक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से प्रारंभ हुआ। श्रेया एवं साथी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किए। सुश्री





खुशबू भगत मैडम ने अतिथियों के लिए स्वागत गीत गाकर कार्यक्रम को चार चांद कर दी।

**प्राचार्य ने मेधावी छात्र का किया स्वागत :** तत्पश्चात प्रभारी प्राचार्य आई आर बागमरिया जी ने स्वागत उद्बोधन में शाला की वार्षिक परीक्षा फल की जानकारी दी। क्लास 10वीं के सुयश देशमुख जो पूरे शाला में प्रथम 94 प्रतिशत अंक अर्जित करने पर उसका स्वागत किया गया। तत्पश्चात शाला की समस्या से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए कहा कि अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में कुल 24 पद स्वीकृत हैं किंतु 11पद ही कार्यरत है। उसी तरह हिंदी माध्यम में भौतिक शास्त्र और भूगोल का पद रिक्त है। शाला भवन की आवश्यकता है एवं अतिरिक्त कमरा की आवश्यकता होने की जानकारी दिया गया। पूनम चंद जैन ने डोम शेड एवं आरो की स्वीकृत होने की जानकारी दिया गया। मंडल अध्यक्ष उतरा घरेंद्र जी ने शाला परिसर में सी सी रोड स्वीकृत करने की जानकारी दिए।

### गुलाल लगाकर एवं चॉकलेट से स्वागत

जनप्रतिनिधियों के द्वारा नव प्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर एवं चॉकलेट से स्वागत किया गया। बोर्ड परीक्षा 8वीं 5वीं की अंक सूची का जनप्रतिनिधियों के हाथों वितरिण किया गया।

तत्पश्चात गत वर्ष के बचत साइकिलों का वितरण किया गया। न्योता भोज को शाला समिति के अध्यक्ष रोहित कुमार ढालेंद्र एवं पूनम चंद जैन बीजेपी महामंत्री के द्वारा कराया गया एवं समस्त बच्चों के साथ जनप्रतिनिधि एवं पालक गण एवं समस्त स्टॉफ ने न्योता भोज किए। कार्यक्रम का संचालन योगेश कुमार देशमुख व्याख्याता एवं फोटोग्राफ्स अभिराम घोष के द्वारा किया गया।

स्टॉफ में श्रीमती चित्ररेखा आर्य मैडम व्याख्याता, सजावट में सहयोगी सुश्री मीनाक्षी मैडम व्याख्याता, सुश्री खुशबू रानी साहू, लिपिका गजभिए, स्वाति श्रीवास्तव मैडम, पी टी आई सिंग सर लोकेश कुमार गंजीर नेमीचंद ठाकुर प्रगति मैडम व्याख्याता, सुश्री कर्सलिया मैडम व्याख्याता विकाश कुमार यादव व्याख्याता चुरेंद्र सर व्याख्याता घृतलहरे सर जोशी सर श्री नंद कुमार कौशिक व्याख्याता लिपिकों का भी विशेष सहयोग रहा देवेंद्र कुमार चिनप रवि मार्कण्डेय उर्वशी ठाकुर एवं रोहित सुधाकर इन सभी का कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग रहा।

## कोसरिया राऊत समाज की कार्यकारिणी



**डौंडीलोहारा।** कोसरिया राऊत समाज सर्किल डौंडीलोहारा का निर्वाचन 15 जून दिन रविवार को ग्राम गैजी में जिला यादव महासभा बालोद के समस्त पदाधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में जिला अध्यक्ष हिमन कुमार यादव ने समस्त पंचायत अध्यक्षों से चर्चा किये, इसके पश्चात सभी ने मनोनीत करने की सहमति दिये। अध्यक्ष महोदय के आदेश अनुसार सर्किल पदाधिकारियो का पुनः मनोनयन पंचायत अध्यक्षों के द्वारा किया गया। संरक्षक सुखराम यादव, अध्यक्ष श्री सुरेश यादव, उपाध्यक्ष प्रदीप यादव, उपाध्यक्ष सुखराम यादव, महामंत्री घनश्याम यादव, संगठन मंत्री गोपी राम यादव, कोषाध्यक्ष दुर्योधन यादव, सचिव श्रवण यादव, सहसचिव उमेश यादव, गोपाल शाखा हगरू राम यादव, कार्यकारिणी सदस्य चिंताराम यादव, चंदर सिंह यादव, महा सिंह यादव, घनशुराम यादव, नंदकुमार यादव, आशाराम यादव,सर्किल महिला पदाधिकारी संरक्षक श्रीमती मनभोतिन यादव, अध्यक्ष श्रीमती गणेश्वरी यादव, उपाध्यक्ष श्रीमती मीना यादव, महामंत्री श्रीमती बिसनतीन यादव, सचिव श्रीमती सोमबाई यादव एवं सहसचिव श्रीमती राधिका यादव को मनोनीत किया गया है। चुनाव संपन्न होने के पश्चात जिला सचिव गिरेन्द्र यादव के द्वारा शपथ दिलाई गई।

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री सूजान सिंह आ. आत्माराम जाति हल्बा निवासी आरबीरा तह. डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ ने विक्रेता 1. रोहित कुमार आ. राजेन्द्र कुमार जाति हल्बा निवासी ग्राम उसरवारा तह. गुरूर जिला बालोद छत्तीसगढ़ वर्तमान पता ग्राम सोरर मांझी के पास पो. करहीभदर, जिला बालोद (छत्तीसगढ़) 2. मनीषा नायक आ. राजेन्द्र कुमार जाति हल्बा निवासी ग्राम उसरवारा तह. गुरूर जिला बालोद छत्तीसगढ़ वर्तमान पता C/O चमन कुमार नायक मकान नं. उत्तर बस्तर, धनेली कन्हार, डोंगरी पारा 93 कांकेर छत्तीसगढ़ पिन-:494670 3. दीप्ति बाई आ. राजेन्द्र कुमार जाति हल्बा निवासी ग्राम उसरवारा तह. गुरूर जिला बालोद छत्तीसगढ़ वर्तमान पता C/O कमर सिंह हाउस नं 108 वार्ड नं (पं.न) उकारी डौंडी 14, बालोद छत्तीसगढ़ पिन 491228 के स्वामित्व कास्तकारी भूमि खसरा नं क्रमशः 212/ हे. 3215/10 हे. 279/3 हेक्टेयर रकबा क्रमशः 0.06, 0.20, 0.0 कुल रकबा 03 कुल खसरा 13.हे 39. कृषि भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया हैं, जिसका विक्रय पंजीयन शेष हैं।

उपरोक्त संव्यवहार के संबंध में किसी व्यक्ति, व्यक्तियों की संस्था, बैंक, वित्तीय निकाये, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्थान को किसी भी प्रकार का उजर दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालीन पते पर प्रस्तुत कर देवे समयावधि उपरांत की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और विक्रय विलेख का पंजीयन कर दिया जावेगा सो सूचना जाने।

दिनांकः 16-06-2025

विनोद कुमार शुक्ला (अधिवक्ता)
पूर्व अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ,
राजनांदगांव दुर्गा निवास ब्राह्मण पारा गांधी चौक,
राजनांदगांव (छ.ग.) मो: 9424126898

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री अशोक शर्मा आ० मेघराज शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी सिंघदई चौक मोहारा राजनांदगांव तह व जिला राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) ने विक्रेता बलदाऊ राम आ. पंचू राम जाति केवट निवासी ग्राम गुरेदा पो डंगनिया तह गुंडरदेही जिला बालोद (छत्तीसगढ़) के नाम व स्वामित्व की कासत्कारी भूमि खसरा नं क्रमशः 60, 62, 76, 77 रकबा क्रमशः 0.,100.41, 0.06, 0.10 हे. कुल 04 कुल खसरा नं. 2 रकबा हे. 10 ग्राम गुरेदा पहनं 16 रानिम डंगनिया जिला बालोद छत्तीसगढ़ भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया हैं जिसका विक्रय पंजीयन शेष हैं।

उपरोक्त संव्यवहार के संबंध में किसी व्यक्ति, व्यक्तियों की संस्था, बैंक, वित्तीय निकाये, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्थान को किसी भी प्रकार का उजर दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालीन पते पर प्रस्तुत कर देवे समयावधि उपरांत की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और विक्रय विलेख का पंजीयन कर दिया जावेगा सो सूचना जाने।

दिनांकः 16-06-2025

विनोद कुमार शुक्ला (अधिवक्ता)
पूर्व अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ,
राजनांदगांव ब्राह्मण पारा गांधी चौक,
राजनांदगांव (छ.ग.) मो: 9424126898

### धमना में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत



**जामगांव आर।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला धमना में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत करते हुए पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम के मुखिया लोकेश महलवार, ग्राम पटेल जोगी राम साहू, देव कुमार साहू, शिवराज यादव, भुवन लाल साहू, ढाल सिंह साहू, फलेंद्रकुमार साहू, हेमंत ठाकुर, मोहन सोनी, शैली सोनी, गीता साहू, संतरीन सोनवानी एवं शाला परिवार के एम निषाद, सी मरकाम, सुमन साहू, ममता चंद्राकर, रामस्वरूप, नीलकुमार उपस्थित थे।

### हथौद शाला के प्रवेशोत्सव में पाठ्य पुस्तकें वितरित



**बालोद।** शासकीय प्राथमिक शाला हथौद मे धूमधाम से प्रवेश उत्सव मनाया गया। नव प्रवेशी बच्चों को पाठ्यपुस्तक व मिठाई खिला कर शाला प्रवेश करवाया गया, गणवेश वितरण और सभी स्कूली छात्र छात्रओ को नेवता भोज कराया गया। उक्त कार्यक्रम मे सरपंच लता सांघरे, उपसरपंच योगेन्द्र कुमार कुंजाम, प्रधान पाठक मनोज कुमार ठाकुर, शाला विकास समिति के सदस्यों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम-दानीटोला, पोस्ट-भैसबोड़
तहसील-डौंडी, जिला-बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200
TEAM CREATIVE

खबर संक्षेप



## समाजसेवियों ने बरगद के पौधे का रोपण किया

**गुण्डरदेही।** एक पेड़ मां के नाम के तहत नगर के व्यावसायिक एवं समाजसेवी सुरेश स्वर्णकार एवं केशव राम साहू ने पर्यावरण संरक्षण हेतु बरगद का पौधा रोपण सार्वजनिक स्थान पर किया।

## सिकोसा में संकल्प से सिद्धि कार्यशाला का आयोजन



**बालोद/सिकोसा।** संकल्प सभा सह कार्यशाला के अंतर्गत संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के अतंर्गत विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष भाजपा बालोद चेमन देशमुख, पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा बालोद ठाकुर राम चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष दुष्यंत सोनवानी की उपस्थित हुए। साथ में मंडल अध्यक्ष प्रकाश सिन्हा, महामंत्री युगल ताम्रकार, आशीष साहू, कोषाध्यक्ष महेश बंटी देवांगन, अतिथि मे जनपद सदस्य अश्वनी कटहरे, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष भानुमति साहू, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष अर्जुन सिंह सिन्हा, हरदेव लाल साहू, अशोक यादव, योगेश महिलवार, चुनुराम साहू, भोजराम साहू, नोहर लाल साहू, हरिराम साहू, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दो दुकानों पर जुर्माना

**भिलाई।** घरों में साज-सज्जा का काम करने वाले व्यापारी से नगर पालिक निगम रिसाली ने जुर्माना वसूला है। दो व्यापारी सड़क किनारे दुकान से निकलने वाले कचरा को फेक गंदगी फैला रहे थे। निगम कर्मचारी दोनों दुकानदार को पूर्व में भी चेतावनी दी थी। कृष्णा टॉकिज रोड पर सुबह और देर रात सफाई कराने के बाद नहर के आस-पास हर रोज गंदगी फैलाने वाले के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही की गई। पहले निगम ने कचरा के किस्म की पहचान की।

### आयोजन : शासकीय हाई, मिडिल और प्राथमिक शालाओं के प्रवेशोत्सव में कलेक्टर दिव्या मिश्रा शामिल हुईं

# शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सोमवार को ग्राम ठेकवाडीह में शासकीय हाई स्कूल, मिडिल स्कूल एवं प्राथमिक शाला के बच्चों का शाला प्रवेश उत्सव जिला कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा जी के मुख्य अतिथि में किया गया।

जहां कार्यक्रम में जिला कलेक्टर ने कक्षा पहली की नव प्रवेसी बच्चे डाली, छवी छठवी के बच्चे डामेश, रितेश, हर्षित टिकेश्वरी कक्षा नवमी में लेमेश, गजेंद्र, नेतराम, लुकेश सहित सभी बच्चो के माथे में तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर शाला प्रवेश उत्सव कराया गया। जहां स्कूली बच्चे अपने बीच जिला कलेक्टर को पाकर अत्यधिक खुश हुए। कार्यक्रम में कलेक्टर दिव्या मिश्रा जी ने बच्चों से पूछा कि आप लोग बड़े होकर क्या बनना चाह रहे हैं जिस पर स्कूली छात्र छात्रओं ने कोई डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक बनने का इच्छा जाहिर की जिस पर कलेक्टर महोदय ने खूब प्रशंसा की।

कार्यक्रम में छात्र–छात्रओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़े क्योंकि पढ़ाई करके आप उस मुकाम पर पहुंच सकते हैं जिसकी आज आप सोच रहे हैं अच्छे पढ़ कर मां–बाप घर परिवार गांव का नाम रोशन करें जिलाधीश महोदय ने बच्चों को पढ़ाई के साथ ही साथ जल संरक्षण के महत्व की जानकारी दी गई जिसमें कलेक्टर महोदय ने बच्चों एवं उपस्थित समस्त ग्रामीण जनों को जल संरक्षण के तहत अवगत के रहते हुए कहा कि गुरुर ब्लॉक रेड जोन की स्थिति में है जिसके चलते जल की समस्या उत्पन्न हो जाती है अतः पानी के महत्व को समझे एवं आवश्यकता अनुरूप ही उपयोग करें जिसके चलते हैं भविष्य में पेयजल की समस्या ना हो। इस अवसर पर एसडीएम सोनकर, तहसीलदार हनुमंत श्याम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे, बीओ ललित चंद्राकर, बीआरसी निर्मलकर, सरपंच देवश्री साहू, उपसरपंच तामेश्वरी साहू, प्राचार्य हाई स्कूल केएल साहू, प्रधान पाठक मिडिल स्कूल माधोराम मरकाम, प्राथमिक प्रधान पाठक गेशवरी लावत्रे, सीएससी नरेंद्र कुमार साहू, व्याख्याता गण की आर गंगबेर, रुपेंद्र साहू, ताम्रध्वज उमरे, मीना साहू, तारिणी साहू, शिक्षक रामचंद्र ठाकुर, भूषण लाल यादव, नीरा साहू, खिलेश्वर नेताम, तोरण लाल ठाकुर, नूतन मंडावी, वीरेंद्र नागवंशी, प्रमोद कुमार साहू, पंचायत सचिव बेनू राम गुरुवाणी रोजगार सहायक टिकेश्वर साहू, वरिष्ठ ग्रामीण भीखू राम साहू, दुष्यंत कुमार साहू, ईश्वर साहू, गुलाब साहू, बृज लाल साहू, रिखीराम साहू, बालक ठाकुर, गौतम साहू, पुना साहू सहित ग्रामीण जन



### बच्चों की मनोदशा के समझें और गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई कराए शिक्षक

साला प्रवेश उत्सव पर जिलाधीश ने शिक्षकों को अवगत कराते हुए कहा कि आप लोग उसे किस की तरह मेहनत कीजिए जिस तरह किसान फसल बुवाई से लेकर फसल कटाई तक पूरी मेहनत कर उत्पादन प्राप्त करता है इस तरह आप भी बच्चों को पढ़ाई के क्षेत्र में मेहनत करें बच्चों को अच्छी शिक्षा दें उनके मनोभाव को समझे और उसे समझाएं ताकि बच्चे पढ़ाई कर अपना भविष्य सवार सके यही आपकी मेहनत कहलाएगी। उन्होंने उत्सव कार्यक्रम में अपने पढ़ाई के जीवन के बारे में बच्चों को अवगत कराते हुए कहा कि मुझे पढ़ाई के क्षेत्र में अधिक रुचि थी जहां मेरे पिताजी की इच्छा मुझे डॉक्टर बनाने की थी किंतु मुझे प्रशासनिक सेवा करने की इच्छा थी। इस अवसर पर जिलाधीश महोदय ने छात्र छात्रओं समस्त ग्रामीण एवं शिक्षकों को जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाया गया। उन्होंने बच्चों को नशा पान से भी दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि आप लोग अपने पढ़ाई पर ही ज्यादातर फोकस करें पढ़ाई के साथ–साथ खेलकूद भी करें एवं नशा पान से दूर रहे।

### प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी बच्चों को मिलीं किताबें





**गुरूर।** शासकीय हाई स्कूल जगतरा गुरूर मे शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम मे मां सरस्वती की पूजन वंदन से प्रारंभ हुआ। नवप्रवेशी बच्चो को गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच भगवान दास मुरचुरिया व गांव के नागरिक श्याम राव टेकाड़े द्वारा नवप्रवेशी बच्चो को पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। प्राथमिक एवं माध्यमिक वर्ग के बच्चो को गणवेश वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक शाला जगतरा मे नवपदस्थ शिक्षक जीआर गायकवाड़ व एलयादव का स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे अतिथि मुरचुरिया एवं टेकाड़े ने सभी बच्चो को उत्तरोत्तर प्रगतिशील रहने की आशीश प्रदान किया व सदैव प्रयत्नशील रहने की प्रेरणा दी। संस्था प्राचार्य केएस कटेन्द्र ने संस्था की पूर्व एवं आगामी संभावित संभावित गतिविधियो से अवगत कराया। संस्था के विगत सत्र के बोर्ड परीक्षा का परिणाम 100 प्रतिशत आने की जानकारी प्राचार्य के द्वारा सभा को बताया गया। सभा मे सरपंच के साथ ग्राम पंचायत बालोदगहन के सभी वार्ड पंच उपस्थित रहे। साथ ही प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल के सभी शिक्षक व व्याख्याता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सत्यदेव उईके द्वारा किया गया।

## नवाचार के साथ नई शुरुआत: छात्रों को मिली स्कैन की गई पुस्तकें



**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर, दुर्ग में 16 जून को नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में कक्षा 9वीं में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को स्कैन की गई पुस्तकों का वितरण किया गया।

यह वितरण कार्यक्रम विद्यालय प्रांगण में आयोजित हुआ, जिसमें विद्यालय के प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष मोतीलाल मारकंडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अध्ययन के महत्व पर प्रकाश डाला और डिजिटल संसाधनों के सदुपयोग के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत ने कहा, नई तकनीक के साथ पढ़ाई को जोड़ना समय की मांग है। स्कैन की गई किताबें छात्रों को कभी भी और कहीं भी अध्ययन का अवसर प्रदान करेंगी। शाला विकास समिति के अध्यक्ष मोतीलाल मारकंडे ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार से विद्यार्थियों को लाभ होगा और वे प्रतिस्पर्धा की दौड़ में आगे बढ़ सकेंगे।

कार्यक्रम में अभिभावकों, शिक्षकगण और कर्मचारियों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी गरिमा प्रदान की। विद्यार्थियों में नई किताबें मिलने पर उत्साह का माहौल रहा। जिसमें शाला के शिक्षकगण बी.के. गंगराले, सरस्वती उमरे, आर.के. देशमुख, देवश्री साहू , शैलेन्द्र कुमार साहू , पूर्णिमा कोसले, एम. साहू , एम. तिवारी, उषा ठाकुर, एल. जोशी, मीनाक्षी नेताम, प्रेमलता योगी, गुलशन चंद्राकर एवं तरुण साहू उपस्थित थे।

### पीएम श्री स्कूल में हर्षोल्लास से मना प्रवेशोत्सव बच्चों का हुआ स्वागत

**डौंडीलोहारा।** नए शिक्षण सत्र प्रारंभ होते ही शासन के निर्देशानुसार सोमवार को पीएम श्री प्राथमिक शाला संबलपुर में प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें नए प्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा कर तिलक लगाकर स्वागत किया गया। और पाठयपुस्तक एवं गणवेश वितरित किए गए। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी महोदय हिमांशु मिश्रा, उपसरपंच टामेश साहू, पंचायत प्रतिनिधि वीरेंद्र निरोटी, तोमन लाटिया, हिरेंद्र गायकवाड़ श्रीमती पूर्णिमा साहू , योगेश्वरी निषाद, लता निषाद, टोमिन साहू, चमेली बाई आदि पालकगण एवं स्कूल के समस्त स्टाफ आदि उपस्थित रहे। जिसमें प्रमुख रूप से नए शिक्षण सत्र पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी महोदय ने कहा कि अधिक से अधिक नव प्रवेशी बच्चों को प्रवेश दिया जाए। वार्षिक कार्ययोजना के साथ अध्ययन, अध्यापन कार्य करने पर आदेश दिया गया। साथ ही युक्तिकरण से आए नवपदस्थ शिक्षकों राबिन लाल नागवंशी एवं बसंती पीकेश्वर का परिचय के साथ स्वागत किया गया।

## शाला प्रवेश उत्सव का उल्लासपूर्ण आयोजन नवप्रवेशी विद्यार्थियों का हुआ स्वागत



**दल्लीराजहरा।** शिक्षा सत्र के पहले दिन जिले के सभी प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर गुरूर विकासखंड के ग्राम ठेकवाडीह, भिरई और कोलिहामार के स्कूलों में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने पहुंचकर विद्यार्थियों, शिक्षकों और पालकों को प्रेरणादायक संदेश दिया।

कलेक्टर ने कहा कि व्यक्ति के सर्वांगीण विकास की नींव शिक्षा है और समाज की प्रगति की दिशा भी यहीं से तय होती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन सबसे महत्वपूर्ण कालखंड होता है, जिसमें परिश्रम और संकल्प के साथ किए गए प्रयास भविष्य को उज्ज्वल बनाते हैं। उन्होंने बच्चों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हुए नशा, आलस्य और नकारात्मक सोच से दूर रहने की सलाह दी। शाला प्रवेशोत्सव के दौरान कक्षा पहली, छठवीं और नवमीं में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों का तिलक कर, मिठाई खिलाकर, गणवेश और पाठ्यपुस्तकें प्रदान कर उत्साहपूर्वक अभिनंदन किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू, एसडीएम आर.के. सोनकर, तहसीलदार हनुमंत श्याम, जनपद पंचायत सीईओ, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षक, पालक और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस मौके पर कलेक्टर ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों सहित सभी नागरिकों से पौधारोपण का संकल्प लेने की अपील की और स्कूल परिसर में स्वच्छता एवं हरियाली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, विद्यालय के 100 मीटर के दायरे में नशीले पदार्थों की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने के लिए शिक्षा और प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया। अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने और हर गतिविधि में भाग लेने के लिए प्रेरित करने पर यामिनी साहू को विशेष सम्मान दिया गया। वहीं, शाला विकास समिति की सक्रिय सदस्य दुर्गेश्वरी कुंजाम को भी पदक और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। भिरई के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक की कमी पर ग्रामीणों की मांग के अनुरूप शीघ्र पदस्थापना का आश्वासन दिया गया। साथ ही लोक निर्माण विभाग को कोलिहामार स्कूल में निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। अंत में, सभी उपस्थित विद्यार्थियों, पालकों और शिक्षकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई और शहीद भगत सिंह तथा भारत माता की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## प्रवेशोत्सव में गणवेश बांटी व बच्चों को मिठाई खिलाई



**जामगांव आर।** एक पेड़ मां के नाम थीम पर संकुल प्रवेश उत्सव शुरू हुआ। संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव जामगांव आर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भनसुली आर में रखा गया। जिसकी शुरुआत सर्वप्रथम एक पेड़ मां के नाम थीम में अतिथि के द्वारा वृक्षारोपण किया गया एवं नव प्रशिक्षित छात्र–छात्रओं को गुलाल लगाकर माला पहनाकर मुंह मीठा करा कर गणवेश वितरण कर शाला प्रवेश कराया गया। प्रधान पाठक द्वारिका प्रसाद नेताम के द्वारा बच्चों को न्योता भोज कराया गया। इस अवसर पर रामकुमार चंद्राकर सदस्य जनपद पंचायत पाटन, जीधन ठाकुर सरपंच भनसुली पंचगण, महेश साहू, गुलाब साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला स्व सहायता समूह, प्राचार्य चेतना ठाकुर संकुल, संकुल समन्वयक सुरेश महिपाल एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### ओरमा, मेड़की, बघमरा के साथ जिला मुख्यालय के स्कूल में बिखरी खुशियां

## गांव-गांव के विद्यालयों में मनाया गया प्रवेशोत्सव, किताबें मिलने से बच्चे खुश





**बालोद।** जिले मे गर्मी छुट्टी के बाद सोमवार को स्कूल खुलने पर बच्चो मे स्कूल जाने को लेकर काफी उत्सुकता देखने को मिली, जहां स्कूल तो 10 बजे खुला लेकिन बच्चे एक घंटे पहले ही या सुबह ही स्कूलो के पास पहुंचते दिख रहे थे। जहां कई बच्चे गर्मी छुट्टी के बाद अपने दोस्तो से मिलकर काफी खुश दिखे, कई स्कूलो मे मिलने वाले पुस्तको को लेकर उत्सुक थे ताकि वे पुस्तक मिलने पर आगामी कक्षा की तैयारी अभी से कर सके तथा उन्हे पहले ही पुस्तक मिल जाए। वही नव प्रवेशी बच्चो को पालक स्वयं बच्चो के स्कूल के पहले दिन अपने साथ लेकर स्कूल तक छोड़ते नजर आए।

जिले मे सोमवार को कई स्कूलो मे प्रवेश उत्सव मनाया गया, जहां नव प्रवेशी बच्चो का सम्मान कर उनका स्कूल मे स्वागत किया गया लेकिन इस बीच नवप्रवेशी बच्चो से ज्यादा खुश पुराने स्कूली छात्र छात्रएं दिख रहे थे। जिसके तहत स्कूल आने की उनकी उत्सुकता को इस बात से समझा जा सकता है कि वे स्कूल एक घंटे पहले ही पहुंचते दिखे। ऐसा ही नजारा ग्राम नेवारीकला के साथ ओरमा, मेड़की, बघमरा के साथ जिला मुख्यालय मे देखने को मिला।

जहां उनसे बात करने पर उन्होने बताया कि गर्मी छुट्टी होने के कारण वे अपने दोस्तो से ना के बराबर ही मिल पाते थे लेकिन अब स्कूल प्रारंभ होने के बाद वे कई दिनो के बाद आज अपने दोस्त के साथ मिल रहे है जिसके कारण वे समय से पहले ही स्कूल आ गए है ताकि अपने दोस्त के साथ समय बीता सके। वही कई ऐसे भी विद्यार्थी थे जो इस कारण से भी स्कूल जल्दी पहुंच गए थे ताकि अगर स्कूल मे पुस्तक वितरण हो तो उन्हे पहले ही पुस्तक मिल सके और वे अभी से पढ़ाई आगामी कक्षाओ की तैयारी मे लगकर पढ़ाई करे।

इस बीच गर्मी छुट्टी के बाद कई बच्चे पुनः दूर स्थित स्कूलो मे सायकल के माध्यम से अपने दोस्तो को बैठाकर या अपने दोस्तो के साथ बात चीत करते झुण्ड मे स्कूल जाते दिखे। वही कई परिजन भी शाला प्रारंभ के पहले ही दिन अपने बच्चो को बाईको मे बैठाकर उन्हे शाला तक छोड़ते नजर आए। वही शासन द्वारा वर्तमान मे गर्मी को देखते हुए एक सप्ताह तक स्कूलो का संचालन सुबह 7:30 से 11 बजे तक करने का निर्णय लिया गया है।

### प्राथमिक शाला गातापार में प्रवेश उत्सव मनाया



**जामगांव आर।** शासकीय प्राथमिक शाला गातापार में प्रवेश उत्सव मनाया गया। कक्षा पहिली में प्रवेश लेने वाले बच्चों एवं नये शिक्षक झामन लान सोनवानी का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। सभी बच्चों को गणवेश वितरण की गयी। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समित के अध्यक्ष केशवराम ठाकुर, प्रभारी प्राचार्य भुनेश्वरी नेताम, अंबिका साहू, देवेन्द्र साहू, उत्तम सिंह यादव, ब्रजकिशोर साहू, कुसुमलता साहू, खेमलाल साहू शामिल हुए।

### शाला प्रवेशोत्सव में शिक्षा की महत्ता बताई



**गुरूर।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुरूर मे प्रवेश उत्सव मनाया गया। जहां नव प्रवेशी बच्चो का सम्मान कर उनके शाला के प्रथम दिवस पर स्वागत किया गया। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा शिक्षा सत्र के पहले दिन गुरूर स्कूल में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर स्कूल मे पहुंची थीं। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा के महत्व के संबंध में विस्तार से प्रकाश डालते हुए शिक्षक, विद्याथएँ एवं पालकों को सारगर्भित, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणास्पद संदेश दिया। इस अवसर पर नगर पंचायत गुरूर के अध्यक्ष प्रदीप साहू, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि, शिक्षक–शिक्षिका, विद्याथएँ एवं पालकों सहित ग्रामीणजन







